श्री बंशीधर नगर, बुधवार
18.02.2026
फाल्गुन शुक्लपक्ष प्रतिपदा संवत 2082
वर्ष : 04, अंक : 127

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:31 बजे
अस्त - 05:49 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 29 डिग्री से.
न्यूनतम : 12 डिग्री से.

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...
# बंशीधर न्यूज



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
अधिकरियों को फॉलो-अप कार्रवाई के निर्देश >> पेज 03
मोहित रैना और प्रियामणि का अंतरराष्ट्रीय >> पेज 05

**सुविचार**

कुछ न करने के लिए समय निकालना अक्सर हर चीज को परिप्रेक्ष्य में लाता है।

**न्यूज अपडेट्स**

### देश में एआई में दो सालों में आएगा 200 अरब डॉलर निवेश: अश्विनी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कहा कि आने वाले दो वर्षों में भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षेत्र की पांचों परतों में 200 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश आने की उम्मीद है। जोखिम पूंजी कंपनियां गहन तकनीक स्टार्टअप्स, बड़े समाधान और अनुप्रयोगों, अत्याधुनिक मॉडल्स पर शोध और बुनियादी ढांचा और ऊर्जा परतों में निवेश कर रही हैं। इस मौके पर केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद रहे। वैष्णव ने यहां भारत मंडपम में एक सत्र में कहा कि भारत की एक बड़ी ताकत यह है कि देश की 51 प्रतिशत बिजली उत्पादन क्षमता स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों से आती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता के कारण यह संभव हुआ है। एआई के लिए ऊर्जा परत में निवेश का यह बड़ा लाभ भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा। उन्होंने एआई के संभावित खतरों को बताते हुए कहा कि वैश्विक नेताओं के बीच इस बात पर सहमति बन रही है कि एआई का इस्तेमाल अच्छे कार्यों के लिए होना चाहिए और इसके हानिकारक प्रभावों को रोकना जरूरी है।

**विधानसभा** — सर्वदलीय बैठक में कई निर्णय

# बजट सत्र आज से, 23 को अवकाश

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी (बुधवार) से प्रारंभ होने जा रहा है। सत्र के शांतिपूर्ण और व्यवस्थित संचालन को लेकर मंगलवार को विधानसभा परिसर में अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने बताया कि सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चले, इसके लिए सभी दलों के नेताओं एवं संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से सदन में प्रस्तुत किए जाने वाले विधेयकों, प्रतिवेदनों और अन्य कार्यों से संबंधित सामग्रियों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही लंबित प्रश्नों के उत्तर समय पर उपलब्ध कराए जाएं, इसके लिए अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।



बैठक में राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था और विधि-व्यवस्था की स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष ने सभी दलों से अपील की कि इन महत्वपूर्ण विषयों पर सदन में गंभीर और सार्थक चर्चा हो, ताकि जनहित से जुड़े मुद्दों का प्रभावी समाधान निकल सके। अध्यक्ष महतो ने बताया कि 23 फरवरी को झारखंड में नगर पंचायत चुनाव निर्धारित है। ऐसे में संसदीय कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया जाएगा कि 23 फरवरी को सदन की कार्यवाही स्थगित रखी जाए, ताकि सभी विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में चुनावी दायित्वों का निर्वहन कर सकें। उन्होंने सभी दलों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सदन का व्यवस्थित संचालन अत्यंत आवश्यक है और इसके लिए सत्ता पक्ष एवं विपक्ष दोनों की सकारात्मक भूमिका जरूरी है। सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के प्रतिनिधि तथा कांग्रेस विधायक दल के नेता सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के

## सामाजिक समरसता भाषण से नहीं आचरण व व्यवहार से आएगी : डॉ मोहन भागवत



**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने कहा है कि मन्दिर कुआं और श्मशान सभी हिन्दुओं के लिए खुले होने चाहिए और उनमें कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। सरसंघचालक ने कहा कि सामाजिक समरसता के लिए व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर प्रयास होने चाहिए। संघ सारे हिन्दू समाज को एक मानता है। इसलिए हमें व्यक्तिगत स्तर पर और पारिवारिक स्तर पर आपसी मेलजोल बढ़ाना चाहिए। सामाजिक समरसता भाषण से नहीं बल्कि आचरण व व्यवहार करने से आएगी। संघ के कुटुम्ब में जात-पात नहीं है। ऐसा ही समाज में करना होगा। सरसंघचालक ने कहा कि संघ पुस्तकें पढ़ने की अपेक्षा स्वयंसेवक को देखने से अधिक समझ में आता है। सरसंघचालक निराला नगर स्थित सरस्वती विद्या मन्दिर के माधव सभागार में ₹कार्यकर्ता कुटुम्ब मिलन₹ कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि हमें अपने बच्चों को बताना होगा कि करियर क्या है? पेट भरना, ज्यादा कमाना, उपभोग करना करियर नहीं है। करियर कमाने से ज्यादा बाँटने में है। बच्चों को ऐसी शिक्षा दें जो अमीर होकर दान दें, दूसरों के लिए जीना सीखें। घरों में ऐसे संस्कार देने होंगे जिनके अनुसार बच्चे यह समझें कि हमारा हित ही देश के साथ है। मेरे लिए मेरा देश ही पहले है। विद्या और धन अपने देश के लिए कमाना चाहिए सरसंघचालक ने कहा कि समाज की इकाई व्यक्ति नहीं परिवार है। सामाजिक व्यवहार का परीक्षण परिवार में होता है। बचत करना हमारे परिवारों की आदत में है। देश का धन हमारे घरों में रहता है। हमें सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चों को मातृभाषा ठीक से आए। हमारे अन्दर देशभक्ति, प्रमाणिकता, अनुशासन और कुटुम्ब गौरव का भाव होना चाहिए।

## ममता बनर्जी का आरोप, चुनाव आयोग बना 'तुगलकी आयोग'

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग अब 'तुगलकी आयोग' बन गया है और एक राजनीतिक दल के इशारे पर काम कर रहा है। राज्य सचिवालय में मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ की एक महिला पदाधिकारी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग कर बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम हटवा दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की अवहेलना कर रहा है, मतदाताओं को निशाना बना रहा है और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रहा है।



ममता ने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान भारतीय जनता पार्टी के निर्देश पर राज्य के मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तर्कहीन विसंगतियों का हवाला देकर आम लोगों से उनका लोकतांत्रिक अधिकार छीना जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी को संतुष्ट करने के लिए बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है। ममता ने दावा किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण से उत्पन्न चिंता और कार्य संबंधी दबाव के कारण राज्य में 160 लोगों की मृत्यु हुई है।

## रांची सहित झारखंड के तमाम शहरों में बढ़ा तापमान, चाईबासा में पारा 33 डिग्री के पार




**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकांश जिलों में तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में करीब दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है, जिससे दिन में गर्मी का असर महसूस किया जाने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बदलाव संभव है। मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, चाईबासा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा जमशेदपुर और डालटेनगंज में क्रमशः 32.1 और 32.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं, राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान गुमला में 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से दक्षिण-पूर्वी पाकिस्तान और उसके आसपास के क्षेत्रों में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके साथ ही पंजाब और आसपास के इलाकों में भी निम्न दबाव की स्थिति बनी हुई है। इन मौसमी प्रणालियों का असर झारखंड सहित उत्तर और पूर्वी भारत के कई राज्यों में देखने को मिल सकता है। मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और तेज धूप के कारण दिन में गर्मी का एहसास हुआ। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आने वाले दिनों में तापमान में धीरे-धीरे और वृद्धि हो सकती है, जिससे दिन गर्म और रात अपेक्षाकृत ठंडी बनी रह सकती है। मौसम विभाग की ओर से बताया गया कि मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री, जमशेदपुर में अधिकतम 32.1 और न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री, डालटेनगंज में अधिकतम 32.4 और न्यूनतम 9.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 31.5 और न्यूनतम 12.1 डिग्री, चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री और न्यूनतम 12.6 डिग्री, खूंटी में 28.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री, लोहरदगा में 26.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री, लातेहार में अधिकतम तापमान 23.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.1 डिग्री एवं सरायकेला में अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

ममता बनर्जी का आरोप, चुनाव आयोग बना 'तुगलकी आयोग'

# 58 लाख मतदाताओं के नाम कटे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग अब 'तुगलकी आयोग' बन गया है और एक राजनीतिक दल के इशारे पर काम कर रहा है। राज्य सचिवालय में मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ की एक महिला पदाधिकारी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग कर बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम हटवा दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की अवहेलना कर रहा है, मतदाताओं को निशाना बना रहा है और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रहा है।




ममता ने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान भारतीय जनता पार्टी के निर्देश पर राज्य के मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तर्कहीन विसंगतियों का हवाला देकर आम लोगों से उनका लोकतांत्रिक अधिकार छीना जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी को संतुष्ट करने के लिए बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है। ममता ने दावा किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण से उत्पन्न चिंता और कार्य संबंधी दबाव के कारण राज्य में 160 लोगों की मृत्यु हुई है।





## अधिवक्ता हिट एंड रन मामले में दोनों तरफ से एफआइआर दर्ज

**रांची।** राजधानी रांची में अधिवक्ता हिट एंड रन का मामला प्रकाश में आया है। डोरंडा थाना क्षेत्र में एक कार सवार ने मामूली विवाद के बाद एक युवक को अपनी कार के बोनट पर कई किलोमीटर तक लटकाए रखा। इस दौरान युवक अपनी जान बचाने के लिए पूरे रास्ते संघर्ष करता रहा। पीड़ित युवक ने पूरे हादसे का वीडियो भी बनाया है। पीड़ित युवक मवाज खान ने बताया कि वह अपने छोटे भाई को स्कूल छोड़कर बाइक से डोरंडा की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मवाज ने कार चालक से कहा कि उसका ब्रेक टूट गया है, इसलिए ब्रेक बनवाने के पैसे दे दें और चले जाएं। लेकिन मामला इतना बढ़ गया कि कार सवार ने कई वाहनों को धक्का मारते हुए निकलने की कोशिश की। इसी दौरान मवाज कार के बोनट पर जा गिरा। इसके बावजूद कार चालक ने गाड़ी नहीं रोकी, बल्कि और तेज गति से चलाई। मवाज खान बोनट पर अटका रहा। लाख मिन्नत करने के बाद भी कार सवार ने गाड़ी नहीं रोकी और युवक को उसी हालत में लेकर अपने अपार्टमेंट तक पहुंच गया। पूरे रास्ते मवाज अपनी जान बचाने के लिए चिल्लाता और चीखता रहा, लेकिन कार सवार ने उसकी एक नहीं सुनी। अपार्टमेंट पहुंचने के बाद कार सवार ने चार-पांच लोगों के साथ मिलकर मवाज के साथ मारपीट भी की। किसी तरह अपार्टमेंट से फोन करके मवाज ने अपने परिजनों को सूचना दी। परिजन पहुंचे और उसे थाने ले गए। कार सवार की पहचान झारखंड उच्च न्यायालय के सीनियर अधिवक्ता मनोज टंडन के रूप में हुई। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। इसके बाद एक वीडियो आया कि मामले में समझौता हो गया। लेकिन थाना प्रभारी दीपिका ने मंगलवार देर रात बताया कि मामले में दोनों ओर से एक दूसरे खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया है।

### न्यूज अपडेट्स

## हाइकोर्ट ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ दर्ज चार मामलों को किया निरस्त

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी से संबंधित झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ दर्ज चार मामलों को झारखंड उच्च न्यायालय ने निरस्त कर दिया है। बाबूलाल मरांडी के खिलाफ ये मामले रामगढ़, सिमडेगा, बरहेट और मधुपुर थाने दर्ज हुए थे। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने बाबूलाल मरांडी की याचिका स्वीकार कर ली। मरांडी की ओर से इन चारों मामलों को निरस्त करने का आग्रह किया गया था। बाबूलाल पर आरोप है कि एक निजी यूट्यूबय चैनल ने झारखंड में बाबूलाल मरांडी की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार के खिलाफ दिए गए साक्षात्कार को अपलोड किया था। इसके खिलाफ झामुमो कार्यकताओं ने राज्य के उक्त चार थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले को लेकर 25 अगस्त 2023 को सिमडेगा थाना में कांड संख्या 104/2023, बरहेट थाना में कांड संख्या 104/2023, 25 अगस्त 2023 को रामगढ़ थाना में कांड संख्या 196/2023 और देवघर के मधुपुर थाना में कांड संख्या 176/2023 दर्ज है, जिसे अदालत से रद्द करने का आग्रह किया गया था।

**सम्मान** ▶ राज्य का प्रतिनिधित्व करना गौरव एवं सम्मान की बात

# राज्यपाल गंगवार ने एनसीसी कैडेट्स को किया सम्मानित



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को रांची के लोक भवन में आयोजित एट होम कार्यक्रम में गणतंत्र दिवस शिविर-2026 में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले एनसीसी कैडेट्स और वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथोन के एनसीसी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस शिविर में राज्य का प्रतिनिधित्व करना अत्यंत गौरव एवं सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथोन युवाओं में राष्ट्रभक्ति, फिटनेस एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने वाला प्रेरणादायी आयोजन रहा। उन्होंने कैडेट्स की कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना करते हुए उनके प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों को भी बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी केवल एक संगठन ही नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व, सेवा और राष्ट्रप्रेम की पाठशाला है। यह युवाओं में चरित्र निर्माण, कर्तव्यनिष्ठा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है। उन्होंने उल्लेख किया कि एनसीसी विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन है, जो विविधता में एकता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने अपने छात्र जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि वे स्वयं भी एनसीसी कैडेट रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स परेड एवं शिविरों के अतिरिक्त सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी अग्रणी भूमिका निभाते हैं। रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों में उनकी सक्रिय सहभागिता अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती पर लोक भवन में आयोजित रक्तदान शिविर में एनसीसी कैडेट्स की भागीदारी की विशेष सराहना की। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज बड़ी संख्या में बेटियां भी एनसीसी से जुड़कर नेतृत्व एवं अनुशासन की मिसाल स्थापित कर रही हैं, जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी से प्राप्त प्रशिक्षण जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उपयोगी सिद्ध होता है। विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में युवाशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा एनसीसी इस दिशा में एक सशक्त मंच प्रदान करता है। उन्होंने सभी कैडेट्स एवं प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने अनुशासन, सेवा-भाव और राष्ट्रनिष्ठा से राज्य एवं राष्ट्र का गौरव निरंतर बढ़ाते रहेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल ने वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथोन के प्रतिभागियों को दस हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान किया।

## कांग्रेस विधायक दल की बैठक में विपक्ष के आरोपों का मजबूती से जवाब देने का निर्णय



**रांची।** रांची स्थित कांग्रेस प्रदेश के मुख्यालय में पार्टी के विधायक दल (सीएलपी) की बैठक में पार्टी नेताओं ने विपक्ष के आरोपों पर तार्किक और मजबूती से जवाब देने का निर्णय लिया गया। साथ ही कहा गया कि सत्र के दौरान पार्टी के विधायक गठबंधन सरकार की ओर से राज्य भर में किए गए जनहित के कार्यों की जानकारी सदन में देंगे।

बैठक में पार्टी की ओर से कहा गया कि राज्यर सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में पार्टी के संगठनात्मक समन्वय और विधायी रणनीति को मजबूत करने के लिए जरूरी निर्देश भी दिया गया।

बैठक के दौरान राज्य के समग्र विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, सामाजिक न्याय और जनहित से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस की भूमिका को और अधिक सशक्त और प्रभावी बनाने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पार्टी के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव और झारखंड के सह-प्रभारी भूपेंद्र मरावी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, उप नेता राजेश कच्छप सहित कांग्रेस कोटे के मंत्री सहित अन्यक विधायक मौजूद थे।

## सत्ता पक्ष के विधायक दल की बैठक , बजट सत्र को लेकर बनी रणनीति





**रांची।** झारखंड विधानसभा के पंचम (बजट) सत्र की तैयारियों को लेकर रांची के डॉ श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने किया। बैठक में आगामी विधानसभा सत्र को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में मंत्रियों और विधायकों को निर्देश दिया गया कि वे सदन में पूरी तैयारी के साथ उपस्थित रहें। सत्ता पक्ष सत्र के दौरान पूरी मजबूती और समन्वय के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। विपक्ष द्वारा उठाए जाने वाले हर उचित सवाल का तथ्यों और तैयारी के साथ जवाब दिया जाएगा। बैठक में विधायी कार्यों के सुचारू संचालन और सरकार की प्राथमिकताओं को प्रभावी ढंग से रखने पर भी चर्चा हुई। बैठक में मंत्री एवं विधायक मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि षष्टम झारखंड विधानसभा के पंचम (बजट) सत्र 18 फरवरी से 19 मार्च तक चलेगा। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर निषेधाज्ञा लागू की गई।

## सुशासन, स्वास्थ्य और सुरक्षा की नई रौशनी : संजय सेठ



**रांची।** मेयर प्रत्याशी रौशनी खलखो की ओर से मंगलवार को राजधानी रांची के विभिन्न क्षेत्रों में पदयात्रा, बैठक और जनसंपर्क कर निकाय चुनाव में आम लोगों से समर्थन मांगा। वहीं उन्हों ने महिला सम्मेलन का भी आयोजन किया। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि रौशनी खलखो रांची में हमेशा ही जनता ओर महिलाओं की सुरक्षा और उनके हक हुकूक की आवाज बनती रही हैं। उन्होंने कहा कि अब हमें रांची की बेटी रौशनी को आशीर्वाद देना है कि वे महिलाओं की सुरक्षा कवच बनकर काम कर सकें। वहीं मौके पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि हार की डर से वर्तमान सरकार ने जनता को मूलभूत अधिकारों से लंबे समय तक वंचित रखा, लेकिन सरकार को अब जनता के सवालों का हिसाब देना होगा। रौशनी खलखो ने आम लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि शहर का विकास देश के महानगरों की तर्ज पर होगी। रांची के स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण, सुरक्षा और सुशासन दिया जाएगा। उन्हों ने कहा कि उनका लक्ष्य महिला, युवा और वरिष्ठ नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। साथ ही शहरी सौंदर्य के लिए पार्क, पर्यटन को बढ़ावा देने और रांची के सभी धरोहरों को स्वच्छ , संरक्षित और सुंदर बनाने का ध्येय होगा। वहीं रौशनी ने मंगलवार को रांची के जिन इलाकों में लोगों से समर्थन मांगा उनमें पटेल भवन, हरमू रोड में बैठक, पहाड़ी स्थित शनि मंदिर से चुना भट्टा चौक, पुंदाग में पदयात्रा, टिकली टोला, कांके रोड में बैठक, हथिया गोंदा में बैठक, मिसिरगोंदा और हातमा में बैठक कर लोगों से समर्थन देने की अपील की। विभिन्न कार्यक्रमों में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, मेयर चुनाव प्रभारी केके गुप्ता, रांची विधायक सीपी सिंह, पूर्व विधायक समरी लाल, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, बलराम सिंह, जितेन्द्र वर्मा विश्वजीत सिंह, दीनदयाल बरनवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे।

### शिल्पी नेहा और मंत्री चमरा लिंडा ने वीर बुधु को दी श्रद्धांजलि

# किसान मेले सह प्रदर्शनी का निरीक्षण




**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और मंत्री चमरा लिंडा मंगलवार को चान्हो के सिलागांई में आयोजित अमर शहीद वीर बुधु भगत की 234 वीं जयंती समारोह सह विकास मेला में शामिल हुए। इस अवसर पर दोनो मंत्रियों ने वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

मौके पर दोनों मंत्रियों ने किसान मेला सह प्रदर्शनी का निरीक्षण कर किसानों के लगाए गए उत्पादों की जानकारी ली और लाभुक किसानों के बीच करोड़ों रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया। किसानों को मुख्यमंत्री पशुधन योजना, जोड़ा बैल योजना, ट्रैक्टर वितरण, केसीसी लोन, जेएसएलपीएस के द्वारा क्रेडिट लिंकेज के तहत नौ करोड़ 43 लाख की राशि, 200 किसानों स्प्रेयर, 400 किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया।

मौके पर शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अमर शहीद बुधु भगत की वीरता को बताने की जरूरत नहीं है। उन्?होंने कहा कि आदिवासी समाज से ज्यादा लोकतांत्रिक समाज कोई नहीं है। इस बात को संविधान सभा के सदस्य जयपाल सिंह मुंडा ने भी कही थी। मंत्री ने कहा कि कुछ लोग हैं, जो समाज में एक दूसरे को लड़ाने का काम करते हैं। लेकिन याद रखिए समाज हमेशा जाति-धर्म से ऊपर है। मंत्री तिर्की ने कहा कि सिलागांई में एकलव्य विद्यालय का विरोध करने वाले लोग आज विद्यालय नहीं बनने की बात कर रहे हैं। जब विरोध हो रहा था तब यह किसी ने नहीं सोचा कि नुकसान किसका हो रहा है।

कार्यक्रम में शिवपूजन भगत, बिहारी भगत, रामधनी भगत, प्रो रामकिशोर भगत, परमेश्वर भगत, मंगा उरांव, महादेव उरांव सहित सैकडों लोग मौजूद थे।



# 20 फरवरी को एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** झारखंड सरकार के रोजगार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा जिला प्रशासन, गढ़वा के संयुक्त तत्वावधान में 20 फरवरी (शुक्रवार) को एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। मेला चिनियां प्रखंड स्थित अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय परिसर में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक आयोजित होगा। जिला प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार अब तक 18 प्रतिष्ठित निजी नियोक्ताओं ने तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदों के लिये अपनी रिक्तियां उपलब्ध कराई हैं। इनमें प्रमुख रूप से जन शिक्षण संस्थान (गढ़वा), एआइएसइसीटी मेगा स्किल, उत्कर्ष स्मॉल फाईनेंस बैंक, एसआईएस इंडिया लिमिटेड, फेस बिरसा स्किल सेंटर (चिनियां), बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्रालि, किस्मती कॉलेज ऑफ फामेर्सी (मेराल), बाबा कमलेश टेक्सटाईल्स तथा एल एंड टी कंस्ट्रक्शन शामिल हैं। इन संस्थानों द्वारा योग्य अभ्यर्थियों का चयन मौके पर ही साक्षात्कार, स्किल टेस्ट और दस्तावेज सत्यापन के माध्यम से किया जायेगा। जिला नियोजनालय ने जिले के सभी बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर मेला स्थल पर उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठाएं। अभ्यर्थी अपने साथ आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षणिक एवं तकनीकी प्रमाण पत्र तथा जिला नियोजनालय द्वारा निर्गत नियोजन कार्ड (यदि पूर्व में बना हो) अनिवार्य रूप से लाएं। जिन अभ्यर्थियों का जिला नियोजनालय में पंजीकरण नहीं है, वे आधिकारिक पोर्टल www.jharniyojan.jharkhand.gov.in के माध्यम से या जिला नियोजनालय कार्यालय में जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज कुमार गिरि ने कहा कि यह मेला स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अधिक से अधिक युवा इसमें भाग लेकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं।

## न्यूज अपडेट्स

### पलामू के सभी मतदान केंद्रों पर पुख्ता होगी सुरक्षा, 35 से अधिक क्यूआरटी की तैनाती

**मेदिनीनगर :** पलामू में 23 फरवरी को होनेवाले निकाय चुनाव में बूथों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। सभी मतदान केदों पर सशस्त्र बलों की तैनाती की जाएगी। इसे लेकर 35 से अधिक क्विक रिस्पांस टीम(क्यूआरटी) का गठन किया गया है। क्यूआरटी में इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा एसपी, एसडीपीओ एवं संबंधित थाना क्षेत्र के प्रभारी के पास अलग से क्यूआरटी टीम रहेगी। क्यूआरटी टीम बाइक पर रहेगी जबकि उनके पास टियर गैस भी रहेगा। एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि चुनाव को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। आपराधिक एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आपराधिक छवि, अपराधिक इतिहास, जेल से बाहर निकलने वाले अपराधी का सत्यापन भी कर रही है। वोटिंग के दौरान नगर निगम क्षेत्र में सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जाएगी। पलामू में 246 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 141 संवेदनशील, जबकि 40 अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र हैं। निकाय चुनाव को लेकर नगर निगम क्षेत्र में कई लोगों के खिलाफ 126 के तहत कार्रवाई की गई है।

**गढ़वा** ▶ **डीसी की आमजन से सीधे संवाद**

# अधिकरियों को फॉलो-अप कार्रवाई के निर्देश

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** डीसी दिनेश यादव ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जनसुनवाई का आयोजन कर आमजनों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को बारी-बारी से सुनते हुये डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन के निर्देश दिया। जनसुनवाई में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, सरकारी योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन तथा बकाया मजदूरी भुगतान समेत विभिन्न मामलों को लेकर ग्रामीण उपस्थित हुये। डीसी ने सभी मामलों में शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने को कहा। सदर प्रखंड के ओबरा गांव निवासी इंदल कुमार घासी, विपत्ति घासी एवं कुसुमरी घासी ने वन अधिकार पट्टा देने की मांग की। उन्होंने बताया कि वे भूमिहीन हैं और वन भूमि पट्टा के लिये पात्र होने के बावजूद अब तक लाभ नहीं मिल पाया है। इस पर डीसी ने अंचल अधिकारी गढ़वा को मामले की जांच कर समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही आवेदनकर्ताओं के साथ आए अनाथ व बीमार बच्चे राजकरण कुमार घासी को जिला बाल संरक्षण इकाई की स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ने तथा उसके समुचित इलाज के लिए सिविल सर्जन गढ़वा को आवश्यक निर्देश दिया। वहीं चिनिया प्रखंड के चपकली निवासी सुंदरी देवी ने शिकायत की कि प्रस्तावित स्थल पर धूमकुड़िया भवन का निर्माण न कर किसी अन्य स्थान पर कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनके ससुर ने स्कूल निर्माण हेतु भूमि दान की थी, जिस पर भवन निर्माण प्रस्तावित था। डीसी ने मामले की जांच कर नियम अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। गढ़वा प्रखंड के रंका ग्राम निवासी मनोज कुमार निराला ने बताया कि भारत पेट्रोलियम द्वारा मेराल के गोंडा में पेट्रोल पंप खोलने हेतु 4 मार्च 2024 को एनओसी के लिए आवेदन दिया गया था, पर अब तक स्वीकृति नहीं मिली है। डीसी ने संबंधित विभाग को शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। वहीं बबीता कुमारी ने शिक्षा विभाग की लंबित भर्ती प्रक्रिया जल्द पूर्ण कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि मेरिट सूची में नाम होने के बावजूद बहाली में विलंब से अभ्यर्थियों को मानसिक, आर्थिक व सामाजिक परेशानी हो रही है। डीसी ने विभागीय समीक्षा कर आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। जनसुनवाई में आए अन्य आवेदनों पर भी डीसी श्री यादव ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



# गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन कैम्प कोर्ट में 51 गिरफ्तार

**बंशीधर न्यूज**

**विश्रामपुर :** डालटनगंज रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी प्रगेश निगम ने गढ़वा रोड स्टेशन पर आयोजित कैम्प कोर्ट में रेलवे के विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार 51 यात्रियों को अर्थ दंड लेकर रिहा कर दिया गया। गढ़वा रोड़ रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट के उपनिरीक्षक मुन्ना कुमार, उपनिरीक्षक वीर प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षी शिवनाथ, आरक्षी मनोज कुमार, आरक्षी रविन्द्र कुमार सिंह, महिला प्रधान आरक्षी लिलयानी बारला व सीआईटी के स्टाफ के द्वारा गढ़वा रोड स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान गाड़ी संख्या-53350, 53344, 08611, 63357, 63558, 53357 को चेक किया गया। इस दौरान 51 लोगों को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट की धारा 141, 155, 162 में मुकदमा पंजीकृत कर रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिनसे सभी गिरफ्तार यात्रियों से अर्थदंड लेकर रिहा कर दिया गया।




### पुलिस ने लूट कांड में मिली मोबाइल पीड़ित को सौंपा

**मेदिनीनगर :** नावाजयपुर थाना अंतर्गत वर्ष 2025 के फरवरी माह में घटित लूट के एक कांड में लूटी गई मोबाइल फोन की बरामदगी के उपरांत कोर्ट के आदेश के आलोक में उक्त मोबाइल को उसके वास्तविक मालिक को सुपुर्द किया गया। लूट कांड से संबंधित अनुसंधान के क्रम में पुलिस द्वारा मोबाइल फोन बरामद किया गया था। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात माननीय न्यायालय से प्राप्त आदेश के अनुपालन में मोबाइल मालिक गणेश कुमार सोनी, पिता किशोर प्रसाद सोनी, पता रुदीडीह, थाना नावा जयपुर, जिला पलामू को मोबाइल फोन विधिवत रूप से सौंप दिया गया। मोबाइल प्राप्त होने पर पीड़ित द्वारा पलामू पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि, परिजनों को किया सम्मानित

**मेदिनीनगर :** सदर थाना परिसर में आज श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में झारखंड जगुआर के शहीद आरक्षी ओम प्रकाश प्रसाद को सदर एसडीपीओ, थाना प्रभारी सदर सहित थाना के सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं शहीद के पुत्र रोहित कुमार को शॉल एवं भेंट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा शहीद आरक्षी अशोक कुमार की पत्नी ममता देवी एवं शहीद आरक्षी मोहन कुमार नीरज की पत्नी संगीता देवी को सदर एससडीपीओ, शहर थाना प्रभारी, टीओपी-2 एवं टीओपी-3 प्रभारी द्वारा उनके आवास पर जाकर शॉल एवं भेंट देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में शहीद आरक्षी संख्या 1217 कुन्दन कुमार सिंह के पिता को उनके आवास पर जाकर हुसैनाबाद थाना के पुलिस पदाधिकारियों द्वारा शॉल एवं भेंट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने शहीद जवानों के परिजनों से भेंट कर उनका हालचाल जाना। साथ ही आश्वस्त किया कि पलामू पुलिस शहीदों के बलिदान को सदैव स्मरण रखेगी और उनके परिवारों के साथ हर संभव सहयोग के लिए तत्पर रहेगी।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया मध्यस्थता 2.0 कार्यक्रम

**गढ़वा :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा संचालित 90 दिवसीय राष्ट्र के लिये मध्यस्थता 2.0 कार्यक्रम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निर्देश पर गढ़वा प्रखंड परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को मध्यस्थता 2.0 अभियान के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे अपने पुराने एवं सुलहनीय वाद, जो लंबे समय से लंबित हैं, उन्हें मध्यस्थता के माध्यम से आपसी सहमति से सुलझा सकें। जागरूकता कार्यक्रम में बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा द्वारा घरेलू हिंसा, बिजली विभाग से संबंधित मामले, ऋण (लोन) विवाद तथा जमीन संबंधी मामलों में निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। आम नागरिक इन सेवाओं का लाभ उठाकर बिना किसी खर्च के न्याय प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से पीएलवी टीम के सदस्य सुधीर कुमार चौबे, रमाशंकर चौबे, रविन्द्र पाठक एवं संगीता सिन्हा उपस्थित थे। टीम के सदस्यों ने लोगों को मध्यस्थता की प्रक्रिया, उसके लाभ तथा सरल समाधान की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**नगर निगम चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष कराने का आग्रह, डीसी-एसपी को सौंपा ज्ञापन**

# भाजपा व कांग्रेस को अति संवेदनशील बूथों पर धांधली की आशंका

**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** नगर निगम चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर राजनीतिक दलों की सक्रियता तेज हो गई है। इसी क्रम में भाजपा एवं कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी और एसपी से मुलाकात कर संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील मतदान केंद्रों पर केंद्रीय अर्धसैनिक बल (सीआरपीएफ) की तैनाती की मांग की। भाजपा की ओर से सांसद विष्णु दयाल राम, पांकी विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता, डालटनगंज विधायक आलोक कुमार चौरसिया, भाजपा समर्थित महापौर प्रत्याशी अरुणा शंकर, पूर्व मंत्री सह नगर निगम चुनाव प्रभारी भानु प्रताप शाही, भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित कुमार तिवारी , कांग्रेस समर्थित महापौर प्रत्याशी के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने किया। उनके साथ पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष विमला कुमारी, दीनानाथ तिवारी, रामाशीष पांडेय, रुद्र शुक्ला, पप्पू अजहर, कैसर जावेद, शंकर तिवारी, जावेद खान, परमदेव सिंह, शत्रुघ्न कुमार ह्यशत्रुह्ल जीशान खान ,अरविंद पासवान , चंद्रशेखर शुक्ला, सत्यानंद दुबे, परमदेव सिंह सहित अन्य नेता व पूर्व उपमहापौर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल की पत्नी एवं महापौर प्रत्याशी रिंकू सिंह ने डीसी समीरा एस एवं एसपी रिष्मा रमेशन से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। सांसद वीडी राम ने कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए 46 मतदान केंद्रों पर अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती और सभी बूथों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाताओं में भय का माहौल बनाया जा रहा है, जिससे स्वतंत्र मतदान प्रभावित हो सकता है। पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही ने कहा कि उम्मीदवारों और उनके समर्थकों को धमकियां दी जा रही हैं। बूथों पर केवल जिला पुलिस व होमगार्ड के भरोसे सुरक्षा संभव नहीं है। अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती से ही निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित हो सकेगा। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने सभी 11 उम्मीदवारों को सुरक्षा देने, शहर में सक्रिय संगठित अपराध से जुड़े लोगों को बाहर करने, सभी बूथों पर सीआरपीएफ की तैनाती और सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि भयमुक्त वातावरण में मतदान कराना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। दोनों दलों के प्रतिनिधिमंडलों ने एक स्वर में कहा कि यदि समय रहते सख्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई, तो निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव कराना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। प्रशासन से मांग की गई कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर मतदाताओं में विश्वास का माहौल कायम किया जाए। उन्होंने बताया कि 15 16 अति संवेदनशील बूथों पर बूथ लूट की आशंका है। वार्ड 2 से 6 के अंतर्गत करीब डेढ़ दर्जन संवेदनशील बूथों की सूची प्रशासन को सौंपी गई। महापौर प्रत्याशी रिंकू सिंह ने चुनाव आयोग भारत, राज्य निर्वाचन आयोग झारखंड एवं जिला प्रशासन को पत्र लिखकर अति संवेदनशील बूथों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।





# कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, रंजनी शर्मा सम्मानित



बंशीधर न्यूज

**भवनाथपुर :** प्रखंड में कर्पूरी चौक पर भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री रामचन्द्र केशरी शामिल हुये। कार्यक्रम की शुरूआत जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजवादी विचारधारा के नेताओं ने उनके सामाजिक न्याय, समानता और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिये किये गये योगदान को याद किया। इस दौरान आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कर्पूरी ठाकुर के जीवन, संघर्ष और सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि श्री केशरी ने कहा कि उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को आगे बढ़ाने के लिये प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर श्री केशरी ने जिला परिषद सदस्य सह राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश सचिव रंजनी शर्मा को सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान के लिये अंगवस्त्र एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि रंजनी शर्मा क्षेत्र में निरंतर सामाजिक कार्य कर रही हैं और उन्हें सम्मानित करना उनके प्रयासों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक कदम है। सम्मान प्राप्त करने के बाद रंजनी शर्मा ने कहा कि यह सम्मान उनके लिये गर्व का विषय है और वे अपने क्षेत्र में सामाजिक कार्यों को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाती रहेंगी। उन्होंने जननायक कर्पूरी ठाकुर के आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। मौके पर समाजवादी विचारधारा के कई नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### बैलेट पेपर मतदान को लेकर 19 को निकलेगी रैली : गुरबीर सिंह

**मेदिनीनगर:** मेदिनीनगर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने उपाध्यक्ष गुरबीर सिंह के नेतृत्व में उपायुक्त पलामू से शिष्टाचार मुलाकात कर आगामी नगर निगम चुनाव में बैलेट पेपर से होने वाले मतदान को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान मतदाताओं को जागरूक करने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से 19 फरवरी को जागरूकता रैली निकालने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे डीसी ने स्वीकृति प्रदान की। उपाध्यक्ष गुरबीर सिंह ने बताया कि जागरूकता रैली 19 फरवरी, गुरुवार को प्रातः 8 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय से प्रारंभ होकर छहमुहान चौक, अस्पताल चौक, कनिराम चौक, आधरत रोड, जिला स्कूल चौक होते हुए बेलवाटिका चौक पर समाप्त होगी। रैली में चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर, विभिन्न सामाजिक संगठन, हाई स्कूल के वरिष्ठ छात्र-छात्राएं एवं आम नागरिक भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार मतदान ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से होना है, जिसमें दो अलग-अलग बैलेट पेपर, एक महापौर एवं दूसरा पार्षद पद के लिए होंगे। ऐसे में मतदाताओं को सही प्रक्रिया की जानकारी देना आवश्यक है। मौके पर चैंबर के सचिव वरुण जायसवाल, किशन कुमार, निलेश चंद्र, प्रदीप नारायण, विपिन कुमार वर्मा, निलेश चंद्र एवं रणजीत मिश्रा उपस्थित रहे। सभी ने मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## गढ़वा

### आरके पब्लिक स्कूल ने मनाया 32वां स्थापना दिवस

# छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किये रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** शहर के आरके पब्लिक स्कूल में सोमवार देर शाम 32 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत करने के साथ हुआ। इसके बाद दीप जलाकर समारोह की औपचारिक शुरूआत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वागत गान, गणेश स्तुति, पर्व-त्योहार पर आधारित सामूहिक नृत्य, शिक्षा के महत्व पर लघु नाटक, लोक नृत्य सहित विभिन्न प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। कक्षा आठवीं की छात्रा अनुष्का पाण्डेय ने कविता के माध्यम से विद्यालय के 32 वर्षों के सफर को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के पास आउट छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के साथ-साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं और सपोर्टिंग स्टाफ को अतिथियों द्वारा मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर निदेशक श्री पाण्डेय ने विद्यालय के 32 वर्षों के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि स्थापना काल से ही गुणवत्तापूर्ण, अनुशासित और संस्कारयुक्त शिक्षा देना संस्थान का उद्देश्य रहा है। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा और संस्कार ही जीवन को नई दिशा देते हैं। शिक्षा शेरनी का वह दूध है, जो पियेगा वही दहाड़ेगा। उन्होंने कहा कि राजा की पूजा सिर्फ उसके राज्य में होती है, लेकिन विद्वान सर्वत्र पूजे जाते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय के छात्र-छात्राएं देश ही नहीं, विदेशों में भी आईपीएस, आईएएस, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, शिक्षा, सेना सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शिक्षित व्यक्ति समाज को जोड़ता है, बांटता नहीं है। इस अवसर पर शांति निवास की सिस्टर रोशना एवं ज्ञान निकेतन स्कूल बेलचंपा के निदेशक अमित सिंह ने श्री पाण्डेय की सराहना करते हुये कहा कि उन्होंने जिले में शिक्षा का अलख जगाने का सराहनीय कार्य किया है। मौके पर पीके झा, प्रमोद चौबे, सुशील केशरी, मुजीब खान, सुरेन्द्र तिवारी, अशोक विश्वकर्मा, सतीश चंद्र, सुदर्शन सिंह, कमलेश दुबे, आनंद सिन्हा सहित काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

## टेलर्स एंड गारमेंट्स एवं इंजी मोबाईल रिपेयरिंग सेंटर का शुभारंभ

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** नगर ऊंटारी थाना के सामने मंगलवार को शमीम टेलर्स एंड गारमेंट्स एवं इंजी मोबाईल रिपेयरिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य ताहिर अंसारी, झामुमो नेत्री किरण देवी, युवा समाजसेवी मुख्तार अंसारी तथा शमीम टेलर्स के प्रोपराइटर मो शमीम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उस मौके पर झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि शमीम टेलर्स के खुलने से स्थानीय लोगों को अब कपड़ों की सिलाई या खरीदारी के लिये गढ़वा एवं अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। यहां कोट, पैंट, ब्लेजर सहित विभिन्न प्रकार के रेडीमेड वस्त्र उचित दामों पर उपलब्ध रहेंगे। प्रोपराइटर शमीम ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में रेमंड, लिनेन क्लब, आदित्य बिरला, अरविंद, सियाराम सहित विभिन्न ब्रांड के कपड़े, लहंगा, कोट-पैंट एवं अन्य आकर्षक कलेक्शन उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता और समय पर सेवा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। साथ ही क्षेत्रवासियों से सहयोग और आशीर्वाद की अपील की। उद्घाटन समारोह में सलीम खलीफा, फिरोज खलीफा, पप्पू खान, इंजमामुल अंसारी, शोएब आलम, पूजा गुप्ता, मनीष कुमार, मो गुलाम नबी, मो एजाज आलम, नौशाद, राजा, इमरान, जिलानी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बूथों पर सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था रखें दुरुस्त : डीसी

# कानून-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर:** नगर निकाय चुनाव 2026 के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी समीरा एस ने सभी निर्वाची पदाधिकारियों, सेक्टर पदाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में चुनाव की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने सभी 246 मतदान केंद्रों पर रैंप, पेयजल, फर्नीचर, शौचालय, रनिंग वाटर, साइनेज, चार्जिंग प्वाइंट, विद्युत व्यवस्था सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को आपस में बेहतर समन्वय रखने तथा चुनाव से जुड़े पदाधिकारी व कर्मी से तय समय का ख्याल रखने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी परिस्थिति में मतदानकर्मियों द्वारा निजी वाहनों का इस्तेमाल नहीं किया जाये। उन्होंने सेक्टर पदाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने और किसी भी तरह की गड़बड़ी की सूचना तुरंत नियंत्रण कक्ष को देने का निर्देश दिया साथ ही सेक्टर पदाधिकारियों को मतदान के पूर्व अपने-अपने बूथ का लोकेशन देख लेने की बात कही।बैठक में संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरतने,गश्ती दलों की सक्रियता बढ़ाने तथा मतदान कर्मियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने पर जोर दिया। बैठक में सभी नगर निकाय के सभी पदों के निर्वाची पदाधिकारी, डीडीसी जावेद हुसैन, विभिन्न सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### परीक्षा जीवन का अवसर है, भय का नहीं : अविनाश देव



**मेदिनीनगर :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू हुई। इसे लेकर भारतीय परंपरा और लोक-मान्यता का पालन करते हुए संत मरियम स्कूल के विद्यार्थियों को विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने दही-गुड़ खिलाकर परीक्षा केंद्र के लिए रवाना किया। रवाना होने से पूर्व विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए गए। चेयरमैन अविनाश देव ने सभी छात्रों को प्रवेश पत्र, आवश्यक लेखन सामग्री और समय-प्रबंधन की विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान मन को शांत और एकाग्र रखना सबसे जरूरी है। प्रश्न-पत्र को पहले ध्यानपूर्वक पढ़ें, फिर आत्म-विश्वास के साथ उत्तर लिखें। अनावश्यक तनाव या घबराहट से बचें और परीक्षा कक्ष के नियमों का पूरी निष्ठा से पालन करें। अविनाश देव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि परीक्षा से कभी डरना नहीं चाहिए। यह जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो भविष्य के नए द्वार खोलता है। आप सभी पूरी तैयारी और आत्म-विश्वास के साथ परीक्षा दें। हमें विश्वास है कि हमारे बच्चे उत्कृष्ट परिणाम लाकर विद्यालय, माता-पिता और क्षेत्र का नाम रौशन करेंगे। विद्यालय प्रशासन की ओर से विद्यार्थियों को सुरक्षित बसों के माध्यम से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया गया। प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श भी इस दौरान उपस्थित रहे और छात्रों का हौसला बढ़ाया।

### कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन को लेकर बैठक



**कांडी :** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 में वर्ग छह की 75 छात्राओं के नामांकन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सूर्यवंती देवी ने की। बैठक में नामांकन प्रक्रिया, शिक्षा की गुणवत्ता, छात्राओं की उपस्थिति, चयन प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित विभिन्न शैक्षणिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक योग्य छात्राओं के नामांकन सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि नामांकन प्रक्रिया पारदर्शी एवं नियमों के अनुरूप संपन्न कराई जायेगी, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद एवं योग्य छात्राओं को इसका लाभ मिल सके। छात्राओं के नामांकन प्रक्रिया में योग्य एवं जरूरत मंद को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। इससे पूर्व विद्यालय की छात्राओं के द्वारा सभी आगंतुकों का फूल माला व बुके देकर स्वागत किया गया। बैठक में वार्डेन आर उषा कुमारी, थाना प्रभारी मोहम्मद अशफाक आलम, कृषि पदाधिकारी शाहिद अंसारी, समाजसेवी शशांक शेखर, कांडी पंचायत के मुखिया विजय राम, बीपीओ रविंद्र कुमार मेहता, एसआई जूली टुडू, जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश राम, बीआरपी सुनील कुमार, सीआरपी अरुण कुमार, प्रभु राम, मनीष कुमार, ननहक कुमार, प्रदीप राम दिनेश कुमार सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया मध्यस्थता 2.0 कार्यक्रम



**गढ़वा :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा संचालित 90 दिवसीय राष्ट्र के लिये मध्यस्थता 2.0 कार्यक्रम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निर्देश पर गढ़वा प्रखंड परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को मध्यस्थता 2.0 अभियान के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे अपने पुराने एवं सुलहनीय वाद, जो लंबे समय से लंबित हैं, उन्हें मध्यस्थता के माध्यम से आपसी सहमति से सुलझा सकें। जागरूकता कार्यक्रम में बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा द्वारा घरेलू हिंसा, बिजली विभाग से संबंधित मामले, ऋण (लोन) विवाद तथा जमीन संबंधी मामलों में निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। आम नागरिक इन सेवाओं का लाभ उठाकर बिना किसी खर्च के न्याय प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से पीएलवी टीम के सदस्य सुधीर कुमार चौबे, रमाशंकर चौबे, रविन्द्र पाठक एवं संगीता सिन्हा उपस्थित थे। टीम के सदस्यों ने लोगों को मध्यस्थता की प्रक्रिया, उसके लाभ तथा सरल समाधान की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी।




## बदली सनी देओल की 'गबरू' की रिलीज डेट

अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'बॉर्डर 2' की कामयाबी का जश्न मना रहे हैं। 23 जनवरी को सिनेमाघरों में आई इस फिल्म ने दुनियाभर में 440 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर बॉक्स ऑफिस पर मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है। इसी बीच सनी ने अपनी अगली परियोजना को लेकर भी उत्सुकता बढ़ा दी है। उन्होंने अपने 68वें जन्मदिन के मौके पर नई फिल्म 'गबरू' की घोषणा की थी, जिसका निर्देशन शशांक उदापुरकर कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 'गबरू' का निर्माण विशाल राणा और ओम छंगानी कर रहे हैं। पहले इस फिल्म को 13 मार्च 2026 को रिलीज करने की योजना थी, लेकिन अब इसकी नई रिलीज डेट 8 मई 2026 तय की गई है। निमार्ता इसे बड़े पैमाने पर सिनेमाघरों में उतारने की तैयारी में हैं। बताया जा रहा है कि 'गबरू' एक इमोशनल ड्रामा फिल्म होगी, जिसमें सनी देओल एक सशक्त और प्रभावशाली किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में उनका अंदाज पावर और जोश से भरपूर होगा, जो उनके प्रशंसकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बनेगा। हालांकि, कहानी और अन्य कलाकारों से जुड़ी जानकारी फिलहाल गोपनीय रखी गई है, जिससे फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्सुकता बनी हुई है।

### मोहित रैना व प्रियामणि का अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में बड़ा कदम



टीवी शो 'देवों के देव महादेव' से लोकप्रिय हुए अभिनेता मोहित रैना अब एक नई इंडो-हॉलीवुड फीचर फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का निर्माण हर्ष महादेश्वर कर रहे हैं और इसमें उनके साथ राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री प्रियामणि अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी। प्रियामणि हाल ही में 'जवान' और वेब सीरीज 'द फेमिली मैन' में अपनी दमदार अदाकारी के लिए सराही गई थीं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक सच्ची घटना से प्रेरित है, हालांकि इसका शीर्षक अभी तय नहीं किया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह परियोजना अमेरिकी प्रोडक्शन कंपनी रेड बिसन प्रोडक्शंस और मुंबई स्थित एज्योर एंटरटेनमेंट के बीच रचनात्मक सहयोग का परिणाम है। फिल्म की कहानी एक अप्रवासी परिवार की भावनात्मक और सांस्कृतिक यात्रा पर आधारित है, जो अमेरिका में अपनी पहचान और अपनेपन की तलाश में संघर्ष करता है। इसमें पारिवारिक मूल्यों, जड़ों से जुड़ाव और नए परिवेश में सामंजस्य जैसे विषयों को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। फिल्म की शूटिंग अप्रैल 2026 से शुरू होने की योजना है। इसका अधिकांश हिस्सा अमेरिका के 'न्यूयॉर्क' और 'न्यू जर्सी' में फिल्माया जाएगा, जबकि कुछ महत्वपूर्ण दृश्य दिल्ली और 'जम्मू-कश्मीर' में शूट किए जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय पृष्ठभूमि और सशक्त कहानी के चलते इस परियोजना को लेकर फिल्म जगत में खास उत्सुकता देखी जा रही है।

**दुमका : तमिलनाडु के राज्यपाल रविंद्र नारायण रवि ने मंगलवार को बासुकिनाथ धाम में सपरिवार पूजा की।**



# तारिक रहमान व 50 मंत्रियों ने ली शपथ

### तीन महिलाओं को स्थान; राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी बने मंत्री



**ढाका।** बांग्लादेश में नई सरकार के गठन के साथ प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने 50 सदस्यीय मंत्रिमंडल का गठन किया। इस मंत्रिमंडल में प्रधानमंत्री सहित 26 पूर्ण मंत्री और 24 राज्य मंत्री शामिल हैं। कुल 50 सदस्यों में केवल तीन महिलाओं को स्थान मिला है, जिनमें एक पूर्ण मंत्री और दो राज्य मंत्री हैं। पूर्ण मंत्री के रूप में अफरोजा खानम रीता को शामिल किया गया है, जबकि फजार्ना शारमिन पुतुल और शामा ओबायद को राज्य मंत्री बनाया गया है। नई मंत्रिपरिषद में निवर्तमान अंतरिम सरकार के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार खलीलुर रहमान को भी स्थान दिया गया है। उन्हें तकनीकी विशेषज्ञ कोटे के तहत मंत्री बनाया गया है। तकनीकी विशेषज्ञ कोटे का प्रावधानबांग्लादेश के संविधान के अनुच्छेद 56(2) के अनुसार प्रधानमंत्री ऐसे व्यक्तियों को भी मंत्री नियुक्त कर सकते हैं जो संसद सदस्य न हों। हालांकि उनकी संख्या मंत्रिपरिषद की कुल संख्या के दसवें हिस्से से अधिक नहीं हो सकती। इस प्रावधान को तकनीकी विशेषज्ञ कोटा कहा जाता है और इसके तहत किसी विशेष क्षेत्र के विशेषज्ञ को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाता है।

स्थानीय समयानुसार अपराहन 3:30 बजे ढाका स्थित संसद भवन के दक्षिण प्रांगण में तारिक रहमान ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उन्हें शपथ बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद साहाबुद्दीन ने दिलाई। इसके बाद अन्य मंत्रियों को भी राष्ट्रपति ने अलग-अलग शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि 2001 से 2006 तक बांग्लादेश में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की सरकार रही थी। उस समय प्रधानमंत्री तारिक रहमान की माता और दिवंगत नेता खालिदा जिया थीं। लगभग 20 वर्ष बाद पुनः पार्टी सत्ता में लौटी है। मंत्रिमंडल में 17 सदस्य नए हैं, जबकि 24 राज्य मंत्री पहली बार इस पद पर नियुक्त हुए हैं। स्वयं प्रधानमंत्री तारिक रहमान भी पहली बार मंत्री बने हैं। चुनाव परिणाम और महिला प्रतिनिधित्व299 सदस्यीय राष्ट्रीय संसद में 212 सीटों पर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी को विजय मिली है। इस बार संसद में केवल सात महिला सदस्य निर्वाचित हुई हैं, जिनमें छह उसी दल से और एक निर्दलीय हैं। इससे पूर्व 2014 में 18, 2018 में 23 और 2024 में 19 महिलाएं संसद के लिए निर्वाचित हुई थीं।

प्रमुख मंत्री और राज्य मंत्रीप्रधानमंत्री के अलावा जिन प्रमुख नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली, उनमें मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर, आमिर खुसरु महमूद चौधरी, इकबाल हसन महमूद टुकु, सलाहुद्दीन अहमद, हाफिज उद्दीन अहमद, अब्दुल अव्वाल मिंटू, एजेएम जाहिद हुसैन, मिजानुर रहमान मिनु, मोहम्मद असादुज्जमान, अफरोजा खानम रीता, निताई राय चौधरी और अरिफुल हक चौधरी शामिल हैं। राज्य मंत्रियों में एम राशिदुज्जमान मिल्लात, अनिंद्य इस्लाम अमित, शरीफुल आलम, मीर शाहे आलम, फरहाद हुसैन आजाद, शामा ओबायद, काइसार कमाल, जोनायेद साकी, जकारिया ताहेर सुमन, इशराक हुसैन, अमिनुर रशीद यासिन, फजार्ना शारमिन पुतुल और नुरुल हक नुर प्रमुख हैं। तकनीकी विशेषज्ञ कोटे से अमिनुल हक को भी राज्य मंत्री बनाया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला हुए शामिलशपथ ग्रहण समारोह में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। भारत की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल हुए, जबकि पाकिस्तान की ओर से योजना, विकास और विशेष पहल मंत्री अहसन इकबाल चौधरी ने भाग लिया। नई सरकार के गठन के साथ बांग्लादेश में राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव देखा जा रहा है।

## हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 174 अंक उछला



**नई दिल्ली।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। लगातार दूसरे दिन बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 174 अंक के लाभ में रहा, जबकि निफ्टी 42 अंक मजबूत हुआ। बैंक, आईटी और पूंजीगत वस्तुओं से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में तेजी से शेयर बाजार बढ़त में रहा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 173.81 अंक यानी 0.21 फीसदी उछलकर 83,450.96 के स?तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊंचे में 83,598 अंक तक गया तथा नीचे में 82,987.43 अंक तक आया। इसी तरह नेशनल स?टॉक एक?सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 42.65 अंक यानी 0.17 फीसदी चढ़कर 25,725.40 के स्तर पर बंद हुआ। 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में शामिल आईटीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, सन फार्मा, मारुति सुजुकी इंडिया, इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक और टेक महिंद्रा के शेयर लाभ में रहे है। वहीं, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इटर्नल, टाटा स्टील, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और हिंदुस्तान यूनीलीवर शामिल हैं। एशिया के अन्य शेयर बाजारों में शामिल जापान का निक्की नुकसान में रहा, जबकि चीन, हांगकांग और दक्षिण कोरिया के बाजार चंद्र नव वर्ष की छुट्टियों के कारण बंद रहे। इसके अलावा यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी का रुख है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.79 फीसदी टूटकर 68.13 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। उल्लेखनीय है कि सोमवार को बीएसई का सेंसेक्स 650.39 अंक बढ़कर 83,277.15 पर बंद हुआ, जबकि एनएसई का निफ्टी 211.65 अंक बढ़कर 25,682.75 पर बंद हुआ था।

## भारत मंडपम में एआई और बुनाई का संगम




**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में मंगलवार को परंपरा और आधुनिकता की एक शानदार तस्वीर उभरी। इंडिया पवेलियन में विशेष रूप से यह प्रदर्शित किया गया कि कैसे एआई नवाचार भारत के पारंपरिक वस्त्र उद्योग का कायाकल्प करने के लिए तैयार है। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण हथकरघा और बुनाई तकनीकों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का अनुप्रयोग रहा। विशेषज्ञों ने दिखाया कि एआई और पुरानी बुनाई कला का मेल न केवल काम को आसान बना रहा है, बल्कि पारंपरिक कारीगरी को पहले से कहीं ज्यादा बेहतर और आधुनिक बना रहा है। इस तकनीक की मदद से सटीक डिजाइन उत्पादकता में वृद्धि और ?सतत विकास मिलेगा। इस पहल का उद्देश्य अधिक समावेशी वस्त्र पारिस्थितिकी तंत्र को आकार देना है। इसके अलावा एआई का उपयोग मानवता और समावेशी विकास के लिए किया जाना चाहिए। एआई का सही आकार देना भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक सतत और सशक्त मार्ग प्रशस्त करेगा, जहां तकनीक और मानवीय कौशल साथ-साथ चलेंगे। यह समिट भारत के वस्त्र उद्योग को वैश्विक पटल पर प्रतिस्पर्धी बनाने और बुनकर समुदाय को तकनीक से सशक्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### टी20 विश्व कप: बारिश ने पल्लेकेले में खेल बिगाड़ा, जिम्बाब्वे सुपर-8 में

# ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड बाहर



**पल्लेकेले।** टी20 विश्व कप में सोमवार को पल्लेकेले में होने वाला मुकाबला लगातार बारिश की भेंट चढ़ गया। दिनभर रुक-रुक कर बारिश होती रही और एक भी गेंद फेंकी नहीं जा सकी। मैच रद्द होने का सबसे बड़ा फायदा जिम्बाब्वे को मिला, जिसने सुपर-8 चरण के लिए टिकट हासिल कर लिया। जिम्बाब्वे को मैच रद्द होने से 1 अंक मिला और उसके अब 5 अंक हो गए हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया यदि अपना आखिरी मैच जीतता है तो भी उसके 4 ही अंक होंगे। तो मैच रद्द होने के साथ ही ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया। बारिश के कारण अंक बंटने से जिम्बाब्वे सातवीं टीम के रूप में सुपर-8 में पहुंचा। इसे के साथ अब सुपर 8 के जी 1 ग्रुप की तस्वीर भी साफ हो गई है, इस ग्रुप में भारत, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, और जिम्बाब्वे की टीम हैं। इस ग्रुप के सभी मुकाबले भारत में खेले जाएंगे। वहीं सुपर-8 ग्रुप जी2 में श्रीलंका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान/यूएसए में से एक टीम शामिल होगी। इस ग्रुप के मैच कोलंबो और पल्लेकेले में आयोजित किए जाएंगे। बारिश ने भले ही एक मुकाबले का रोमांच छीन लिया हो, लेकिन टूर्नामेंट में आगे और भी दिलचस्प मुकाबले बाकी हैं। आज ही मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में नेपाल और स्कॉटलैंड अपनी अभियान का समापन आमने-सामने की भिड़ंत के साथ करेंगे। सुपर-8 की तस्वीर अब लगभग पूरी हो चुकी है और नॉकआउट की दौड़ में शामिल टीमें खिताब के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रही हैं। क्रिकेट प्रेमियों के लिए रोमांच अभी बाकी है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)